बहुत दिन हुए तेरे दीदार के बिना

बहुत दिन हुए तेरे दीदार के बिना,
बहुत सदियाँ गुजरी तेरे प्यार के बिना......

ओ मेरे बांके बिहारी सरकार,
तुम बिन रहा नहीं जाए,
रहा नहीं जाये कुछ कहा नहीं जाए,
अब में कब तक करूँ इंतज़ार,
तुम बिन रहा नहीं जाए,
मेरे बांके बिहारी.......

जब से देखी सांवरी सुरत,
इस दुनियां की कोई नहीं जरुरत,
मुझे तुमसे हो गया प्यार,
तुम बिन रहा नहीं जाए,
मेरे बांके बिहारी.......

तन भी दूषित, मन भी दूषित
हो ही गया ये जीवन दूषित,
ऐ मुझे दिल से लगा लो दिलदार,
तुम बिन रहा नहीं जाए,
मेरे बांके बिहारी......

बीत चली जीवन की घड़ियाँ,
तरस रही तेरे दरश को अखियाँ,
ऐ मेरा सुना हुआ है संसार,
तुम बिन रहा नहीं जाए,
मेरे बांके बिहारी......

दरश बिना जीवन है सुना,
बिछुड़न का ये दर्द है दुना,
ओ 'पागल'के प्यारे यार,
तुम बिन रहा नहीं जाए,
मेरे बांके बिहारी......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32158/title/bahut-din-huye-tere-deedar-ke-bina

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |